# बुंदेलखंड में होगा 250 करोड़ रुपये का निवेश

**तैयारी**

राज्य मुख्यालय | **विशेष संवाददाता**

बुंदेखखंड के हमीरपुर में शाल्विस स्पेशलिटीज कंपनी रसायन निर्माण की मेगा परियोजना लगाने जा रही है। कंपनी कीटनाशकों और विशेष रसायनों के विनिर्माण के लिए 250 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे 1500 व्यक्तियों के लिए रोजगार मिलेगा। यूपीसीडा ने सुमेरपुर औद्योगिक क्षेत्र में कंपनी को 25 एकड़ भूमि आवंटित कर दी है।

शाल्विस स्पेशलिटीज लिमिटेड, इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड की 100% सहायक कंपनी है, जिसने पहले ही मध्य यूपी में हरदोई जिले के संडीला में फंगीसाइड्स, हर्बीसाइड्स और कीटनाशकों की एक निर्माण इकाई स्थापित की है। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने भी इस क्षेत्र में लगभग 700 लोगों को रोजगार प्रदान करने के लिए 364 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। उसे भी जमीन आवंटित की जा चुकी है। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी का कहना है कि इस तरह की मेगा परियोजनाएं स्पष्ट संकेतक हैं कि बुंदेलखंड क्षेत्र में उद्योग लगना आसान होता जा रहा है।

## ब्रिटानिया की बेकरी में 1000को रोजगार: महाना

प्रदेश औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने बताया कि ब्रिटानिया द्वारा उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में किये जा रहे निवेश से लगभग 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे आस-पास के किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा।